Executive Engineer
Hiran Water Resources
Division Jabalpur (M. P.)

A-1 (iii)

छीताखुदरी मध्यम जलाशय योजना

(संक्षिप्त टीप)

छीताखुदरी मध्यम जलाशय योजना जबलपुर जिले के तहसील व विकास खण्ड कुण्डम में ग्राम छीताखुदरी के पास छोटी महानदी पर स्थित है। योजना संभागीय मुख्यालय से लगभग 60 कि.मी. दूरी पर जबलपुर से अमरकंटक रोड पर कुण्डम से लगभग 15 कि.मी. दूर पर स्थित है। योजना टोपोशीट क्र. 24/ए/8 के अक्षांस 23°09′16.80″ एवं देशांस 80°26′26.91″ पर देखी जा सकती है। योजना का जल ग्रहण क्षेत्रफल 254.64 वर्ग कि.मी. है। योजना की जीवित जल भराव क्षमता 69.74 मिलीयन घन मीटर है। योजना के डूब क्षेत्र में 739 हेक्टेयर भूमि आएगी जिससे जबलपुर जिले की 5.42 हेक्टेयर वन भूमि एवं मण्डला जिले की 64.135 हेक्टेयर वन भूमि, कुल 69.555 हेक्टेयर वन भूमि डूब में आयेगी।

योजना की प्रशासकीय स्वीकृति मध्यप्रदेश शासन जल संसाधन विभाग भोपाल के पत्र क्र. 3441244/2011/मध्यम/31/134 दिनांक 23/02/2017 द्वारा रुपये 310.03 करोड़ की प्राप्त हुई है। योजना से 8920 हेक्टेयर में रबी सिंचाई प्रस्तावित है। योजना की प्रशासकीय स्वीकृति लागत सी.एस.आर. वर्ष 2016 की दरों पर प्राप्त हुई है। योजना से जबलपुर जिले के 42 ग्रामों में सिंचाई एवं कुण्डम तथा सिहोरा विकासखण्ड को पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी।

(आर.के.खरे)
अनुविभागीय अधिकारी
जल संसाधन उपसंभाग क्र. 3
कुण्डम, जबलपुर

(राम सलोने शर्मा)
कार्यपालन यंत्री
हिरण जल संसाधन संभाग
जबलपुर